जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र. जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2016/541 दिनांक : 06.02.2016

-: संशोधित अधिसूचना :-

परीक्षा केन्द्र राधा रमण स्वर्णकार महाविद्यालय, लहार, भिण्ड में चल रही तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान दिनांक 03.02.2016 को जिलाधीश महोदय, भिण्ड द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र पर नकल संबंधी अनियमितताएं पायी गयी तथा जिलाधीश महोदय, भिण्ड द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र के संबंध में प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया है। जिसमें उक्त परीक्षा केन्द्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाने हेतु अनुशंसा की गयी है।

अतः जिलाधीश महोदय की अनुशंसा अनुसार उक्त परीक्षा केन्द्र की आगामी समस्त परीक्षाएं आई.टी. आई. कॉलेज, लहार, भिण्ड में शासकीय स्नातक महाविद्यालय, लहार, भिण्ड के अधीन भवन अधिग्रहीत कर सम्पन्न करायी जावेगी। प्राचार्य, एम.जे.एस. महाविद्यालय भिण्ड, केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति सुनिश्चित करें।

इस विषय में लेख है कि आई.टी.आई. के भवन में फर्नीचर का अभाव है एवं शासकीय महाविद्यालय में स्टाफ नहीं है। अतएव यह आवश्यक है कि महाविद्यालय जिनके सेन्टर आई.टी.आई में है वे फर्नीचर एवं आवश्यकता पड़ने पर 28(17) चयनित स्टाफ उपलब्ध करायें। इसी के साथ 110/- रूपये सेन्टर चार्जेस जो कि महाविद्यालयों द्वारा छात्रों से लिये गये थे वे भी केन्द्राध्यक्ष को देने की व्यवस्था करें। सेन्टर चार्जेस न देने की स्थिति में परीक्षा परिणाम रोक लिया जावेगा।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. माननीय जिलाधीश महोदय भिण्ड की ओर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, शासकीय एम.जे.एस. महाविद्यालय, महाविद्यालय, भिण्ड की ओर कि वह केन्द्राध्यक्ष नियुक्त कर उक्त परीक्षा केन्द्र की समस्त आगामी परीक्षाएं सम्पन्न कराने हेतु सहयोग प्रदान करें।
3. प्राचार्य, राधारमण स्वर्णकार महाविद्यालय, लहार, भिण्ड की ओर इस निर्देश के साथ कि उक्त आदेश के पालन में परीक्षा संबंधी समस्त दस्तावेज प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, लहार को उपलब्ध करावें। एवं समस्त महाविद्यालयों के छात्रों के सेंटर चार्जेस शास. महाविद्यालय, लहार में जमा करायें।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उपकुलसचिव (परीक्षाऐं)